प्रादेशिक समाचार
08.04.2025 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के 8 अप्रैल 2015 में शुरू होने के बाद आज दस साल पूरे हो गए हैं। झारखंड में भी मुद्रा योजना स्वरोजगार सृजन का माध्यम बन गयी है।

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना से खूंटी जिले की पायल साहू ने सिलाई केंद्र शुरू कर न सिर्फ खुद को आत्मनिर्भर बनाया, बल्कि 500 से ज्यादा महिलाओं को भी प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार से जोड़ा। बैंक ऑफ इंडिया से शिशु, तरुण और किशोर ऋण के तहत बगैर गारंटी के लोन मिलने से उन्हें व्यवसाय विस्तार में मदद मिली। पायल साहू ने प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि मुद्रा योजना ने ग्रामीण उद्यमिता को नई उड़ान दी है।

********************

पलामू जिले में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना से सैकड़ों व्यापारी लाभान्वित हुए हैं। कृषि उत्पादन बाजार समिति डाल्टनगंज के व्यापारी संजय अग्रवाल ने 9 लाख का ऋण लेकर खाद्य सामग्री की थोक दुकान शुरू की। व्यापार बढ़ने पर बैंक ने उनका लोन बढ़ाकर 18 लाख कर दिया। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री का आभार जताया।

********************

रामगढ़ जिले में पोषण पखवाड़ा के तहत आज उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो ने समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को रवाना किया। इस रथ के माध्यम से जिले के दूरदराज़ के इलाकों में पोषण संबंधी जानकारी दी जाएगी। रथ के माध्यम से खासकर बच्चों के पहले 1000 दिनों की देखभाल, कुपोषण प्रबंधन और स्वस्थ जीवनशैली को लेकर जागरूकता फैलाई जाएगी।

********************

राजधानी रांची में नेशनल सैंपल सर्वे, एनएसएस की 75वीं वर्षगांठ पर भारत सरकार के सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के क्षेत्रीय राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की। उद्घाटन सत्र में पूर्व अपर महानिदेशक रमन टी वी ने आंकड़ों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में डाटा बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि आज डाटा एनालिसिस से चिकित्सा क्षेत्र में क्रांति संभव हुई है। क्षेत्रीय उप महानिदेशक विनीत कुमार ने कहा कि अब निजी क्षेत्र की भी भागीदारी बढ़ी है। युवाओं की भागीदारी से आंकड़ों की गुणवत्ता और कार्य में तीव्रता आई है।

********************

गिरिडीह जिले में कोर्ट को जोगीटांड ले जाने के फैसले का विरोध शुरू हो गया है। बार एसोसिएशन महासचिव चुन्नूकांत ने प्रस्तावित स्थल को खतरनाक बताते हुए इसका विरोध जताया। इधर पूर्व शिक्षा मंत्री चंद्र मोहन प्रसाद ने इसे फिजूलखर्ची बताते हुए भू–धसान क्षेत्र में कोर्ट भवन बनाना जानलेवा बताया।

********************

जनसंख्या नियंत्रण में पलामू जिला नियोजनालय महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

********************

मौसम विभाग ने रांची समेत पूरे राज्य में आज से 11 अप्रैल तक आंधी–बारिश, ओलावृष्टि और वज्रपात की संभावना व्यक्त की है। इसे लेकर कुछ जिलों के लिए येलो और कुछ के लिए औरेंज अलर्ट जारी किया गया है। गढ़वा, लातेहार और पश्चिमी सिंहभूम के कुछ हिस्सों में अगले तीन घंटों में हल्के से मध्यम गर्जन के साथ वर्षा और तेज़ हवा चलने की संभावना जताई है।

*******समाप्त*************